दिन– मंगलवार दिनांक–27/06/2017

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7:30 बजे से। अवधिः– 10 मिनट

01. राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए प्रत्याशी रामनाथ कोविंद को जदयू द्वारा समर्थन दिये जाने के बाद महागठबंधन में शामिल दलों जदयू, राजद तथा कांग्रेस के बीच विवाद और गहराया।

02. कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार अनिवार्य बनाने की केन्द्र की अधिसूचना के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का अंतरिम आदेश देने से इंकार।

03. केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री पीयूष गोयल ने कहा– जीएसटी लागू होने के बाद बिजली की दरें नहीं बढ़ेंगी।

04. और, गया में पांच देशी बम बरामद। पुलिस मामले की कर रही है छानबीन।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए प्रत्याशी रामनाथ कोविंद को जदयू द्वारा समर्थन दिये जाने के बाद महागठबंधन में शामिल दलों जदयू, राजद और कांग्रेस के बीच विवाद गहराता जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव के सी त्यागी ने कहा कि उन्हें ओछी बयानबाजी से बचना चाहिए। श्री आजाद ने कल कहा था कि नीतीश कुमार ने एनडीए प्रत्याशी रामनाथ कोविंद को समर्थन करने का फैसला लेकर एक तरह से बिहार की बेटी श्रीमती मीरा कुमार को हराने का फैसला किया है। जदयू नेता के सी त्यागी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चरित्र हनन का प्रयास हो रहा है।

––बाईट–के. सी. त्यागी––

गठबंधन बचता कहा है जब गठबंधन के नेता का चरित्र हनन करने का प्रयास किया जा रहा हो तो गठबंधन कहा बचता है।

श्री त्यागी ने कहा कि उनकी पार्टी एनडीए के साथ गठबंधन में अधिक सहज थी।

––बाईट– के. सी. त्यागी––

किसी स्टेज पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने असहज महसूस नहीं होने दिया।

इधर, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता हरखू झा ने कहा है कि उनकी पार्टी जदयू के बयान को गंभीरता से ले रही है। श्री झा ने कहा कि महागठबंधन में किसी को जबरदस्ती नहीं रखा गया है। इस बीच, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नित्यानंद राय ने कहा है कि जब तक जदयू एनडीए का एक हिस्सा था राज्य का चहुंमुखी विकास हो रहा था और कानून व्यवस्था अच्छे से चल रही थी। पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए श्री राय ने कहा कि जदयू को एनडीए में शामिल करने का फैसला शीर्ष नेतृत्व का होगा।

––बाईट–नित्यानंद राय––

यह मामला पूर्णतः हमारे केन्द्रीय नेतृत्व पर है कि गठबंधन में कौन रहेंगे कौन नहीं रहेंगे। जब साथ होंगे तब साथ देंगे। कहने का मतलब है कि जब केन्द्रीय तेतृत्व का फैसला आ जायेगा तभी हम इसपर कुछ बोल सकते हैं।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

राष्ट्रपति पद के लिए सत्रह विपक्षी दलों की उम्मीदवार मीरा कुमार ने कहा है कि वे सर्वोच्च संवैधानिक पद का चुनाव जाति नहीं बल्कि विचारधारा के आधार पर लड़ रही हैं। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्रीमती कुमार ने अपने ऊपर लगाये जा रहे सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि यह उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश है। उन्होंने बताया कि वे कल दिन के ग्यारह बजे संसद भवन में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। श्रीमती कुमार ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के निर्वाचक मंडल के सभी सदस्यों से 'अंतरात्मा' की आवाज पर मतदान करने की अपील की।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

केन्द्रीय वित्त मंत्री अरूण जेटली ने वस्तु और सेवा कर, जीएसटी को लेकर किसी प्रकार की राजनीति नहीं किये जाने की अपील करते हुए कहा कि इससे महंगाई नहीं बढ़ेगी और आर्थिक सुधार का एक नया दौर शुरू होगा। उन्होंने कहा कि नई कर व्यवस्था से देश में सत्रह प्रकार के कर खत्म हो जायेंगे और सभी राज्यों में वस्तुओं का एक दाम होगा। श्री जेटली ने कहा कि जीएसटी के लागू होने से कच्चे बिल का खेल खत्म हो जायेगा। लघु और मध्यम उद्यमियों, कारोबारियों और मर्चेंट्स सबके लिये कर विवरणी भरना और आकलन करना आसान होगा। उन्होंने कहा कि इससे कारोबार मजबूत होने के साथ ही रोजगार सृजन में भी मदद मिलेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी के लागू होने से अप्रत्यक्ष ही नहीं बल्कि प्रत्यक्ष कर वसूली पर भी असर पड़ेगा। श्री जेटली ने कहा कि अचल संपत्ति क्षेत्र पर जीएसटी का खासा असर होगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी परिषद ऐसा प्रभावी तरीका निकालने पर काम कर रही है जिससे अचल संपत्ति के क्षेत्र में कालेधन के निवेश पर अंकुश लगाया जा सके।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि वस्तु और सेवा कर, जीएसटी के लागू हो जाने के बाद बिजली की दरें महंगी नहीं होंगी। श्री गोयल ने कहा कि जीएसटी परिषद ने कोयले को पांच प्रतिशत के कर स्लैब में रखा है, जिससे बिजली सस्ती ही होगी। उन्होंने कहा जीएसटी के बाद सैंतीस रिटर्न भरने जैसी गलत बातें फैलाई जा रही है। व्यापारी को केवल एक बिक्री पंजी रखनी पड़ेगी। अलग–अलग करों के लिये अलग–अलग पंजी रखने से छुटकारा मिलेगा।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार के खिलाफ बेनामी संपत्ति का एक और खुलासा किया है। श्री मोदी ने कहा कि श्री प्रसाद के परिवार ने फेयरग्रो होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से एक और कंपनी बनाकर करोड़ों रुपये की बेनामी संपत्ति खरीदी है। श्री मोदी ने पटना में जनता दरबार के

बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध कराते हुये कहा कि श्री प्रसाद और उनके परिवार ने इस कंपनी के जरिये करोड़ों रुपये की बेनामी संपत्ति बनायी है।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

गया जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र से पुलिस ने आज पांच देशी बम बरामद किया। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों की सूचना पर झीलगंज मुहल्ला स्थित एक गली के कूड़ेदान से बम बरामद किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार अनिवार्य बनाने की केन्द्र सरकार की अधिसूचना के खिलाफ अंतरिम आदेश देने से इंकार कर दिया। न्यायमूर्ति ए एम खानविल्कर और न्यायमूर्ति नवीन सिन्हा की अवकाश पीठ ने कहा कि सिर्फ इस आशंका पर अंतरिम आदेश पारित नहीं किया जा सकता कि सरकार आधार नहीं होने के कारण लोगों को विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रख सकती है। अपर सोलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केन्द्र सरकार ने उन लोगों के लिए आधार पंजीकरण सीमा तीस जून से बढ़ाकर तीस सितम्बर कर दी है जो अभी इसके बिना कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के लिए अगली तारीख सात जुलाई तय की है।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मानसून अभी तक पूरी तरह सक्रिय नहीं हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक सोमेन्दु सेनगुप्ता ने बताया कि राज्य में मानसून की बारिश केवल पूर्णिया, मधेपुरा, किशनगंज और सहरसा में हो रही है। मध्य बिहार और दक्षिण बिहार में मानसून की बारिश शुरू नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बार–बार बनने वाले कम दबाव के क्षेत्र के कारण मानसून पूर्वी बिहार के कुछ जिलों में ही सक्रिय हो सका है। उन्होंने कहा है कि जून महीने में राज्य में अनुमान से इकतीस प्रतिशत कम बारिश हुई है। राज्य में जून महीने में औसतन एक सौ चौदह दशमलव तीन मिलीमीटर बारिश होती है लेकिन अभी तक मात्र उनासी दशमलव तीन प्रतिशत बारिश हुई है। इधर, मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज गरज के साथ बारिश हो सकती है। पटना और उसके आस–पास के इलाकों में अठारह से बीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

बक्सर जिले के भरखरा गांव निवासी बीएसएफ जवान ललन मिश्र की बांग्लादेश सीमा पर गश्ती के दौरान मौत हो गयी। हमारे संवाददाता ने जवान के पारिवारिक सूत्रों के हवाले से बताया कि नदी में गिर जाने से यह हादसा हुआ। वे पश्चिम बंगाल के कूच–बिहार जिले में पदस्थापित थे।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

खगड़िया जिले के मानसी थाना क्षेत्र के झमटा दियारा से आज पुलिस ने एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर संचालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक मीनू कुमारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में निर्मित और और अर्द्धनिर्मित हथियार के अलावा हथियार बनाने वाले उपकरण भी बरामद किये गये।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों से पुलिस ने आज भारी मात्रा में शराब बरामद की है। पूर्वी चंपारण जिले के कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र से इक्कीस सौ बोतल नेपाली शराब बरामद की गयी। पश्चिम चंपारण जिले के बगहा पुलिस ने परियहवा गंडक दियारा क्षेत्र से पुलिस ने छह सौ बोतल नेपाली शराब बरामद की। वहीं, सीवान जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीनगर मुहल्ला से चार कार्टन विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इधर छपरा जंक्शन से रेल पुलिस ने एक ट्रेन से तीन दर्जन बोतल विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

सीतामढ़ी जिले के रुन्नीसैदपुर थाना क्षेत्र स्थित टिकौली गांव में आज तालाब में स्नान करने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र अंतर्गत परेव गांव में एक कार के अनियंत्रित होकर एक घर में घुस जाने से एक दंपत्ति की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि सात अन्य घायल हो गये।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

गया जिले के मेडिकल थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

पूर्व मध्य रेलवे के झाझा–किउल रेलखंड पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की तत्काल पहचान नहीं हो सकी है।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

अररिया जिले के सिकटी थाना क्षेत्र के मुरारीपुर बॉर्डर से एसएसबी के जवानों ने नेपाल से तस्करी कर भारत लाये जा रहे पैंतालीस लाख रुपये मूल्य का हिरण की सींग बरामद किया है।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

और अब अंत में मुख्य समाचार.....

01. राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए प्रत्याशी रामनाथ कोविंद को जदयू द्वारा समर्थन दिये जाने के बाद महागठबंधन में शामिल दलों जदयू, राजद तथा कांग्रेस के बीच विवाद और गहराया।

02. कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार अनिवार्य बनाने की केन्द्र की अधिसूचना के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का अंतरिम आदेश देने से इंकार।

03. केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री पीयूष गोयल ने कहा– जीएसटी लागू होने के बाद बिजली की दरें नहीं बढ़ेंगी।

04. और, गया से पांच देशी बम बरामद। पुलिस मामले की कर रही है छानबीन।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

><=><=><=><=><=><=><=><=><=><=><